दिनांक–29.09.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम को करेंगे संबोधित
- केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। कई योजनाओं से आ रहा बड़ा बदलाव
- कालाबाजारी से सख्ती के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिये सख्त निर्देष
- मध्य प्रदेश में आज कई जिलों में भारी बारिष की चेतावनी जारी।

अब समाचार विस्तार से...

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। प्रधानमंत्री का लगातार तीसरे कार्यकाल में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह चौथी कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

मोदी सरकार के सौ दिन

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री विष्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

लता मंगेशकर सम्मान

इंदौर में राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह एवं संगीत संध्या आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2022 के लिए संगीत-निर्देशक उत्तम सिंह और वर्ष 2023 के लिए पार्श्व गायिका सुश्री के.एस.

चित्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने श्री सिंह एवं सुश्री चित्रा का शॉल-श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं 2 लाख रुपए सम्मान राशि का चेक भेंट कर सम्मानित किया। यह समारोह इंदौर स्थित लता मंगेशकर सभागृह में हुआ।

आरक्षक भर्ती बदलाव

प्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती (जीडी) एवं (रेडियो) वर्ष 2023 के शारीरिक दक्षता परीक्षण (फिजिकल) की तिथि में बदलाव किया गया है। 30 सितम्बर, 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर 2024 को होने वाली यह परीक्षा अब 18, 19 एवं 20 नवंबर 2024 को ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी युवाओं के हित में लिया यह निर्णय निश्चित ही पुलिस आरक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए अतिरिक्त समय भी देगा।

कालाबाजारी सख्ती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण संबंधी कलेक्टर-कमिश्नर के साथ एक बैठक की। वीडियो-कॉन्फ्रेसिंग के जरिये हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उर्वरक की मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। कालाबाजारी करने वालों, मिलावट, मिस ब्रांडिंग और नकली उर्वरक खपाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। कालाबाजारियों और अवैध कारोबारियों के विरूद्ध नियमानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में भी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

स्वच्छता ही सेवा नवाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू किये गए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत मध्य प्रदेश में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में सिंगरौली जिले में बर्तन बैंक और पिकोथोन का नवाचार किया जा रहा है। जिला पंचायत सिंगरौली के कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया -

विश्व हृदय दिवस

वर्तमान समय में आरामदायक जीवनशैली के कारण खान-पान मे हुए परिवर्तन के कारण तेज गति से हृदय संबंधी बीमारियां सामने आ रही हैं। हृदय के प्रति जनजागृति हेतु विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कल कटनी में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के जांच एवं ईको परीक्षण हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया।

मौसम अपेडट

मध्य प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। कल राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के एक दर्जन से भी अधिक जिलों में बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने आज भी बारिश होने की संभावना जताई है। कल सुबह 8ःः30 से शाम के 5ःः30 तक गुना में सर्वाधिक 22 मिली मीटर बारिश हुई, भोपाल में 18 मिली मीटर पानी बरसा। धार में 3, नर्मदापुरम में 4, इंदौर में 11, खरगोन में दो, रतलाम में 16, शिवपुरी में दो, उज्जैन में 11, दमोह में 4, खजुराहो में 6, नौगांव में दो, रीवा में पांच, सतना में 7, टीकमगढ़ में 8 मिली मीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, मंदसौर, इंदौर, रतलाम, धार, उज्जैन जिलों में हल्की बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है। जबकि राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर मालवा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में अब तक में औसत से 17 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है।

विशाल रक्तदान

भोपाल के संत हिरदाराम नगर में कल विशाल रक्तदान शिविर में 485 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। हमीदिया अस्पताल ब्लड बैंक और संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन के संयुक्त शिविर में यह कीर्तिमान रचा गया। अशोक जुनेजा ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के कथन अनुसार ''रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे।'' इस संदेश के साथ रक्तदान को बढ़ावा दिया जा रहा है। अखिलेश यादव, महेश वीधानी अशोक नाथानी ने बताया कि यहां

पर रक्तदाताओं ने कतारों में लगकर रक्तदान किया।

संक्षिप्त समाचार

1. शिवपुरी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पर्यटक स्थल भदैया कुंड पर कल श्रमदान किया गया।
2. बिलासपुर-कटनी सेक्शन के बीरसिंहपुर स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के कार्य के कारण जबलपुर से गुजरने वाली 26 रेलगाड़ियां रद्द की गई हैं। यह ट्रेनें 30 सितंबर से 12 अक्टूबर के बीच रद्द रहेंगी।
3. नरवाई में आग लगने के दुष्परिणाम और पर्यावरण को होने वाली क्षति से किसानों को अवगत कराने के उद्देश्य से नर्मदापुरम जिले के हर गांव में "किसान खेत पाठशाला" का आयोजन 1 अक्टूबर से किया जाएगा
4. सतना जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिये मैहर जिले में स्थापित सहकारी समितियों में 29 फसल पंजीयन केन्द्र कार्यरत हैं। इन केन्द्रों में कृषक निःशुल्क फसल पंजीयन करा सकते हैं।
5. मन्दसौर में कल विश्व रैबीज दिवस जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया गया। रेबीज जो लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए नर्सिंग स्टुडेंट के द्वारा नुक्कड नाटक कर जागरूक किया गया।
6. मंदसौर के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लदूना के 8 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ।
7. आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा को देखते हुए एक समय में 5 से 6 व्यक्ति के दर्शन की व्यवस्था रहेगी।
8. छिन्दवाड़ा जिले में वर्ल्ड रेबिज-डे के उपलक्ष्य पर बीज के प्रति जागरुकता एवं रोकथाम के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया।
9. डिंडोरी जिले में कल पोषण माह 2024 के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास बजाग द्वारा परियोजना स्तरीय पोषण माह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
10. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के जांच एवं ईको परीक्षण हेतु कल शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में 18 वर्ष तक कें बच्चों कें लिए निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 42 बच्चों की निःशुल्क ईको जांच एवं परीक्षण किया गया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम को करेंगे संबोधित
- केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। कई योजनाओं से आ रहा बड़ा बदलाव
- कालाबाजारी से सख्ती के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिये सख्त निर्देष
- मध्य प्रदेश में आज कई जिलों में भारी बारिष की चेतावनी जारी।

....................

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

मोदी सरकार के सौ दिन

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। बुरहानपुर जिले में प्रधानमंत्री विष्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

लता मंगेशकर सम्मान

इंदौर में राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह एवं संगीत संध्या आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2022 के लिए संगीत-निर्देशक उत्तम सिंह और वर्ष 2023 के लिए पार्ष्व गायिका सुश्री के.एस. चित्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने श्री सिंह एवं सुश्री चित्रा का शॉल-श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं 2 लाख रुपए सम्मान राशि का चेक भेंट कर सम्मानित किया। यह समारोह इंदौर स्थित लता मंगेशकर सभागृह में हुआ।

आरक्षक भर्ती बदलाव

प्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती (जीडी) एवं (रेडियो) वर्ष 2023 के शारीरिक दक्षता परीक्षण (फिजिकल) की तिथि में बदलाव किया गया है। 30 सितम्बर, 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर 2024 को होने वाली यह परीक्षा अब 18, 19 एवं 20 नवंबर 2024 को ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी

युवाओं के हित में लिया यह निर्णय निश्चित ही पुलिस आरक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए अतिरिक्त समय भी देगा।

कालाबाजारी सख्ती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण संबंधी कलेक्टर-कमिश्नर के साथ एक बैठक की। वीडियो-कॉन्फ्रेसिंग के जरिये हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उर्वरक की मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। कालाबाजारी करने वालों, मिलावट, मिस ब्रांडिंग और नकली उर्वरक खपाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। कालाबाजारियों और अवैध कारोबारियों के विरूद्ध नियमानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में भी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

स्वच्छता ही सेवा नवाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू किये गए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत मध्य प्रदेश में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में सिंगरौली जिले में बर्तन बैंक और पिकोथोन का नवाचार किया जा रहा है। जिला पंचायत सिंगरौली के कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया -

विश्व हृदय दिवस

वर्तमान समय में आरामदायक जीवनशैली के कारण खान-पान मे हुए परिवर्तन के कारण तेज गति से हृदय संबंधी बीमारियां सामने आ रही हैं। हृदय के प्रति जनजागृति हेतु विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कल कटनी में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के जांच एवं ईको परीक्षण हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया।

मौसम अपेडट

मध्य प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। कल राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के एक दर्जन से भी अधिक जिलों में बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने आज भी बारिश होने की संभावना जताई है। कल सुबह 8ः30 से शाम के 5ः30 तक गुना में सर्वाधिक 22 मिली मीटर बारिश हुई, भोपाल में 18 मिली मीटर पानी बरसा। धार में 3, नर्मदापुरम में 4, इंदौर में 11, खरगोन में दो, रतलाम में 16, शिवपुरी में दो, उज्जैन में 11, दमोह में 4, खजुराहो में 6, नौगांव में दो, रीवा में पांच, सतना में 7, टीकमगढ़ में 8 मिली मीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, मंदसौर, इंदौर, रतलाम, धार, उज्जैन जिलों में हल्की बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है। जबकि राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर मालवा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में अब तक में औसत से 17 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है।

विशाल रक्तदान

भोपाल के संत हिरदाराम नगर में कल विशाल रक्तदान शिविर में 485 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। हमीदिया अस्पताल ब्लड बैंक और संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन के संयुक्त शिविर में यह कीर्तिमान रचा गया। अशोक जुनेजा ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के कथन अनुसार ''रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे।'' इस संदेश के साथ रक्तदान को बढ़ावा दिया जा रहा है। अखिलेश यादव, महेश वीधानी अशोक नाथानी ने बताया कि यहां पर रक्तदाताओं ने कतारों में लगकर रक्तदान किया।

..................................